विश्व चगास रोग दिवस

प्रतिवर्ष **14 अप्रैल** को [विश्व स्वास्थ्य संगठन] (WHO) द्वारा **विश्व चगास रोग दिवस** मनाया जाता है ताकि लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली इस अल्पज्ञात बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके, खासकर लैटिन अमेरिका में।

- 72वीं **विश्व स्वास्थ्य सभा** ने वर्ष 2019 में **चगास रोग दिवस** को मंज़ूरी दी थी।
- इस वर्ष की थीम है **"चगास रोग को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में एकीकृत करने का सही समय" (Time to integrate Chagas disease into primary health care)**।

चगास रोग:

- **परिचय**:
  - चगास रोग, जिसे **"साइलेंट एवं साइलेंस्ड (Silent And Silenced) "** के रूप में भी जाना जाता है, WHO के अनुसार, यह एक संचारी परजीवी रोग है जिससे **विश्व भर में सालाना 6-7 मिलियन लोग संक्रमित होते हैं और लगभग 12,000 लोगों की मौत हो जाती है**।
    - इस **बीमारी का नाम चिकित्सक कार्लोस चगास के नाम पर रखा गया है** जिन्होंने पहली बार वर्ष 1909 में ब्राज़ील के एक बच्चे में इसका पता लगाया था।
- **कारण:**
  - यह **प्रोटोजोआ वर्ग के *??????????? ???????* (*Trypanosoma Cruzi*)** के कारण होता है, जो **'ट्रायटोमिनाई'** या **'किसिंग बग्स'** परिवार द्वारा प्रेषित होता है जो काटने या शौच के माध्यम से स्वस्थ व्यक्तियों को संक्रमित करता है।
  - यह **जन्मजात संचरण**, [रक्त आधान], **अंग प्रत्यारोपण, संक्रमित कीट के मल से दूषित भोजन के सेवन** या आकस्मिक प्रयोगशाला जोखिम के माध्यम से भी फैल सकता है।
    - यह संक्रमित मनुष्यों या जानवरों के **आकस्मिक संपर्क से नहीं फैलता है।**
- **लक्षण:**
  - यह रोग **बुखार, सिरदर्द, चकत्ते, सूजन संबंधी गाँठ,** [मतली या दस्त] **और** मांसपेशियों या पेट में दर्द के रूप में प्रकट होता है।
    - 70-80% **रोगियों में जीवन भर कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं,** जिससे शुरुआती पहचान चुनौतीपूर्ण हो जाती है।
  - **20-30% रोगियों में संक्रमण जीर्ण** अवस्था में विकसित होते हैं, जिससे **हृदय, पाचन तंत्र या तंत्रिका तंत्र को नुकसान होता है।**
- **प्रसार**:
  - **पैन-अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन** के अनुसार, चगास वर्तमान में अमेरिका के **21 देशों में स्थानिक है,** जहाँ औसतन 30,000 नए मामले वार्षिक रूप से देखे जाते हैं।
    - दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ कई यूरोपीय, पूर्वी [भूमध्य सागरीय] और **पश्चिमी प्रशांत देशों** में दुर्लभ मामलों की सूचना मिली है।
- **उपचार और रोकथाम:**
  - **चगास रोग के लिये वर्तमान** में कोई [टीका] उपलब्ध नहीं है, लेकिन **एंटीपैरासिटिक दवाओं बेंज़नडिज़ोल और निफर्टिमॉक्स से रोग का इलाज** किया जा सकता है। रोग को तीव्र चरण की शुरुआत में ही प्रशासित किये जाने पर **उनकी प्रभावकारिता दर 100% होती** है।
  - देशों द्वारा कीट को खत्म करने या संक्रमण को कम करने हेतु निवारक उपाय किये गए हैं।
    - सभी लैटिन अमेरिकी देशों और नए मामलों की रिपोर्ट करने वाले अन्य देशों द्वारा **रक्त दाताओं एवं रक्त उत्पादों की सार्वभौमिक जाँच की जानी चाहिये।**

[स्रोत: डाउन टू अर्थ]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-chagas-disease-day